दिन– गुरूवार दिनांक– 16/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

देश आज स्टार्टअप इंडिया की नौवीं वर्षगांठ मना रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा है कि सरकार ने देश में स्टार्टअप की संस्कृति को प्रोत्साहन दिया है। श्री मोदी ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया की परिवर्तनकारी पहल ने पिछले नौ वर्षों में अनगिनत युवाओं को सशक्त बनाया है और उनके नवोन्मेषी विचारों को सफल स्टार्टअप में बदला है। श्री मोदी ने कहा कि सरकार नवाचार और इनक्यूबेशन केंद्रों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रही है ताकि देश के युवा जोखिम उठाने वाले बनें।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपनी प्रगति यात्रा का तीसरा चरण आज खगड़िया से शुरू किया। श्री कुमार ने जिले की पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने जीविका दीदियों और स्थानीय लोगों के साथ संवाद भी किया। प्रगति यात्रा के तीसरे चरण के तहत मुख्यमंत्री उनतीस जनवरी तक नौ जिलों का दौरा करेंगे।

———————————————————————

निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दलों को चुनाव के दौरान प्रचार के लिए साझा की जाने वाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता–ए.आई जनित और सिंथेटिक सामग्री के प्रयोग की लेबलिंग के लिए आवश्यक उपाय करने का निर्देश दिया है। आयोग ने सभी राजनीतिक दलों के प्रमुखों को सलाह दी है कि प्रचारकों को ऑनलाइन प्रसारित विज्ञापनों और प्रचार सामग्री में अस्वीकरण शामिल करना होगा।

———————————————————————

प्रदेश के विभिन्न भागों में कड़ाके की ठंड और कुहासे से जनजीवन बुरी तहर प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच अधिकांश स्थानों पर चार डिग्री सेल्सियस से भी कम का अंतर दर्ज किया गया है। इसके कारण कनकनी बढ़ गई है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान आठ दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ बांका राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहीं, समस्तीपुर के पूसा में शीतदिवस की स्थिति बनी रही। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि राज्य के अधिकतर भागों में अगले दो दिनों तक ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। इसके बाद न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की और कमी होगी। जिससे ठंड में वृद्धि होगी।

———————————————————————

न्यायमूर्ति के. विनोद चंद्रन ने आज उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने जस्टिस चंद्रन को शपथ दिलाई। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिश पर पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस चंद्रन की उच्चतम न्यायालय में नियुक्ति को केन्द्र ने मंजूरी दी थी।

———————————————————————

बिहार राज्य व्यवहार न्यायालय कर्मचारी संघ के आह्वान पर प्रदेश के विभिन्न जिलो में सिविल कोर्ट के कर्मचारियों ने आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इसी क्रम में शिवहर, बेगूसराय, शेखपुरा, पश्चिम चंपारण समेत विभिन्न व्यवहार न्यायालय में कर्मियों ने कामकाज ठप कर धरना प्रदर्शन किया। हड़ताली कर्मी वेतन विसंगति समाप्त करने, अनुकंपा पर नौकरी, पदोन्नति, विशेष न्यायिक कैडर बनाने और लेकर मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे है। इधर, पटना उच्च न्यायालय ने सभी जिला और सत्र न्यायाधीश को कोर्ट परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और न्यायिक कार्य के निष्पादन के लिए विशेष व्यवस्था करने के निर्देश दिए है।

———————————————————————

केरल के कोच्ची में आयोजित राष्ट्रीय दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में बिहार की टीम ने चंडीगढ़ को चौंतीस रन से हरा दिया। बिहार की प्रियंका यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सबसे अधिक नाबाद सैंतालीस रन बनाए।

शिवहर जिले में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत आज जागरूकता रैली निकाली गई है। जिलाधिकारी विवेर रंजन मैत्रेय ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कर सड़क हादसों में कमी लाई जा सकती है।

---

रोहतास जिले के करगहर थाना क्षेत्र अंतर्गत गारा चौबे नहर पथ पर दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं, तीन अन्य व्यक्ति घायल हो गये।

---

सहरसा जिले के महिषी में अट्ठाईस जनवरी से शुरू हो रहे उग्रतारा सांस्कृतिक महोत्सव की तैयारी के लिए बैठक की गई। महोत्सव के संयोजक डॉक्टर अक्षय चौधरी ने यह जानकारी दी।

---

समाप्त